## देवरिया में 6200 करोड़ और प्रतापगढ़ में 2150 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास

# भारत ऊर्जा निर्यातक देश बनेगा : गडकरी

देवरिया, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में भारत ऊर्जा का निर्यातक देश बनेगा। देश अभी 16 लाख करोड़ रुपए का पेट्रोल-डीजल सालाना आयात करता है। एथेनॉल बना कर हम इसमें से 10 लाख करोड़ रुपये बचा कर उसे किसानों के खाते में भेजेंगे। आने वाले दिनों में देश में बायो एनर्जी से स्कूटर, बाइक, कार व बसें चलाएंगे।

गडकरी ने यह बातें सोमवार को देवरिया में कहीं। वह चीनी मिल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में करीब 62 सौ करोड़ की पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसान की हालत सरसों, धान, गेहूं की खेती से नहीं बदलेगी। ऊर्जा उत्पादन से किसानों की तस्वीर बदल सकते हैं। हमें गन्ना, चावल, बम्बू से एथेनॉल बनाना होगा। गन्ने से सिर्फ चीनी बनाएंगे तो वह मीठी की जगह कड़वी हो जाएगी। इसलिए हमें एथेनॉल, मिथेनॉल, सीएनजी, एएनजी उत्पादन पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि भविष्य हाइड्रोजन ईंधन का है। हम कचरे व टॉयलेट के पानी से हाइड्रोजन बनाएंगे। हमें स्मार्ट शहर के साथ ही स्मार्ट विलेज बनाने होंगे तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा और अर्थव्यवस्था फाइव ट्रिलियन इकोनॉमी बनेगी।



प्रतापगढ़ में सोमवार को विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## प्रतापगढ़ को पांच परियोजनाओं की सौगात

प्रतापगढ़, संवाददाता। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को बेल्हावासियों को 2150 करोड़ की लागत वाली पांच परियोजनाओं की सौगात दी।

शिलान्यास के बाद केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि इन परियोजनाओं की शुरुआत हर हाल में अगस्त से सितम्बर महीने तक हो जाएगी। अधिकतर परियोजनाओं का फंड रिलीज किया जा चुका है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि अयोध्या में रामलला के अपने मंदिर में विराजमान होने तक प्रतापगढ़ से अयोध्या तक फोरलेन सड़क का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। यही नहीं प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ से पहले प्रतापगढ़ से प्रयागराज की सड़क का निर्माण पूरा कराया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को अयोध्या से प्रयागराज तक पहुंचने में सहूलियत मिल सके।

## 'यूपी की कानून व्यवस्था देश में अभिमान का विषय'

प्रतापगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। पांच परियोजनाओं का शिलान्यास करने सोमवार को प्रतापगढ़ पहुंचे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर सीएम योगी आदित्यनाथ की सराहना के साथ ही उन्हें बधाई भी दी। कहा कि यूपी की कानून व्यवस्था देश में अभिमान का विषय है। देश-प्रदेश के साथ ही विदेश में भी इसकी चर्चा है। भूटान के प्रधानमंत्री ने कानून व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा था डोमेस्टिक हैपी ह्यूमन इंडेक्स...।

बनवीरकांछ में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हर घर को रोजगार व रोटी की दिशा में काम हो रहा है। उद्योगों की स्थापना के लिए कनेक्टिविटी के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। बिजली, पानी, रोड की मौजूदगी से यूपी का तेजी से विकास हो रहा है।